राकेश पैजवार
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ०प्र०-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/6172 दिनांकः 07 सितम्बर, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दिनांक 24 अगस्त, 2022 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति के मद संख्या 75.06 में लिये गये निर्णायानुसार निम्नलिखित सभी शर्तो के अनुरूप कैरी ओवर परीक्षा कराया जाना है।

1. विद्यार्थियों का अन्तिम वर्ष के विषम एवं सम सेमेस्टर परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित हो चुका हो।
2. विद्यार्थी अपने अन्तिम वर्ष के प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा कम से कम एक बार दे चुका हो एवं पूर्व में किसी भी वर्ष का परीक्षाफल PCP/PCP-A Status रहा है।
3. विद्यार्थी विश्वविद्यालय के सम्बन्धित अर्डिनेन्स में पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु निर्धारित व्यवस्था के अन्तर्गत आता हो।

उपरोक्त निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुसार छात्रहित के दृष्टिगत सितम्बर माह के अन्तिम सप्ताह में उक्त परीक्षा आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका परीक्षा कार्यक्रम ससमय विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। **यह भी विदित हो कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों का सत्र 2021-22 माना जायेगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र / छात्राओं को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा यह भी सूचित करे कि छात्र / छात्रा विश्वविद्यालय के सर्कुलरों को नियमित देखते रहें।

भवदीय

07.09.2022

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक